धन धान्य की देवी मां लक्ष्मी एवं प्रथम पूज्य भगवान गणेश का होगा पूजन

# दीपावली पर्व आज : चहुंओर बिखरेगी दीपों की सतरंगी छटा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

कार्तिक माह की अमावस्या पर आज 20 अक्टूबर को दीपावली का पर्व मनाया जाएगा। दीपोत्सव से घर जगमग होंगे। शाम को शुभ मुहूर्त में धनधान्य की देवी लक्ष्मी का पूजन होगा। दीपों के त्योहार दीपावली को भव्य तरीके से मनाने के लिए गांव से लेकर शहर उत्साह नजर आ रहा हैं। मंदिरों में विशेष पूजा-पाठ व अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे।




## लोगों की चहल पहल से बाजार रहा गुलजार

पांच दिवसीय महोत्सव को लेकर गत दिवस छोटी दीपावली पर जिले भर के मंदिर, घर, दुकानें और बाजार लाइटों से जगमग हो गए हैं। महोत्सव से पहले लोगों ने धनतेरस व छोटी दीपावली भी मनाई। इसको लेकर बाजारों में दिनभर रौनक रही। लोगों ने पूजा सामग्री के साथ ही मिठाई, गिफ्ट, कपड़े और जेवरात की खरीद की।

कार्तिक अमावस्या तिथि पर महालक्ष्मी पूजन का विशेष महत्व होता है। दीपावली पर्व को लेकर लोगों ने कई दिन पहले से ही तैयारियां शुरू कर दी थीं। मंदिर, घर और दुकानों की सफाई करके उन्हें सतरंगी विद्युत लाइटों से सजाया गया है। लोगों ने कुल देवताओं की पूजा की। वहीं, शाम होते ही हर जगह रोशनी हो गई।

## दुकानों में लगी रही भीड़

पर्व की तैयारियों को लेकर बाजारों में दिनभर रौनक रही। हर तरफ लोगों और वाहनों की भीड़ लगी रही। लोगों ने बाजारों में पूजा सामग्री के साथ ही मिठाई, गिफ्ट, कपड़े, जेवरात और किराने के सामान की खूब खरीदारी की। बाजारों में अधिकतर लोगों ने विभिन्न तरह के गिफ्ट, घरों को सजाने के लिए तरह-तरह की सजावटी सामग्रियां व अन्य सामान की खरीदारी की। फूलों की भी खूब खरीदारी हुई। घरों से लेकर मंदिरों और दुकानों में लगी लाइटों से शहर पूरी तरह से जगमग रहा। आज दीपावली पर्व की खरीदारी के लिए भी बाजार में भीड़ उमड़ेगी।

## पुलिस करत रही गश्त

दीपावली पर्व के दौरान अप्रिय घटनाओं को रोकने एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जगह जगह पुलिस बल तैनात रहा। बाजार में लोगों की भीड़ के दौरान जाम की समस्या न हो इसके लिए पुलिस कर्मी मोर्चा संभाले हुए थे। इस दौरान कोई अनहोनी न हो, इसके लिए पुलिस की टीमें भी गश्त करती रहीं।












































## खबर संक्षेप

### नाबालिग सहित 3 लापता लोगों को किया दस्तयाब

**उमरियापान।** उमरियापान पुलिस ने थाना क्षेत्र से गुम हुए तीन अलग अलग व्यक्तियों को अलग अलग स्थानों से दस्तयाब किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीनों को परिजनों के सुपुर्द किया है। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि उमरियापान निवासी फरियादिया ने थाना पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई कि 5 अक्टूबर 2025 को सुबह 8 बजे उसका बेटा घर से जबलपुर जाने कहकर निकला और फिर वापस नहीं लौटा। इसी प्रकार धौरेशर निवासी फरियादिया ने रिपोर्ट में बताया कि 15 अक्टूबर 2025 को उसका पति उमरियापान काम करने गया था जो वापस घर नही लौटा। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज दोनों की तलाश में जुट गई। थाना प्रभारी ने बताया कि साईबर सेल की मदद से उमरियापान के युवक को जबलपुर और धौरेशर की महिला के पति को सनकुई से दस्तयाब किया है। इसके अलावा लापता हुए नाबालिग को दिल्ली से दस्तयाब किया। पुलिस ने तीनों को परिजनों के सुपुर्द किया है। पुलिस की तत्परता से दीवाली के पहले तीनों व्यक्तियों के घर वापस लौटने से परिवारों में खुशी का माहौल है।

### पीपल का पेड़ गिरा, दो बच्चे बाल-बाल बचे



**कटनी।** लखेरा स्थित विवेकानंद वार्ड में रविवार दोपहर बड़ा हादसा टल गया। पीपल का एक बड़ा पेड़ अचानक गिर पड़ा, जिससे वहां खेल रहे दो बच्चे मामूली रूप से घायल हो गए। गनीमत रही कि कोई गंभीर अनहोनी नहीं हुई।स्थानीय लोगों के अनुसार, यह वही पेड़ है जिसका तीन हिस्से पहले ही गिर चुके हैं और चौथा हिस्सा भी किसी भी समय गिर सकता है। पेड़ मकानों के बिल्कुल सटे होने से लोगों में डर का माहौल बना हुआ है।

### मटवारा कांड में आरोपियों की तीन दिवस में नहीं हुई गिरफ्तारी, तो होगा जेल भरो आंदोलन

# भीम आर्मी ने स्लीमनाबाद थाना का किया घेराव, 1 घंटे विरोध प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद





मटवारा कांड मे अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी न होने के कारण मामला आगे बढ़ता ही जा रहा है। आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी न होने के चलते रविवार को भीम आर्मी ने स्लीमनाबाद थाना का घेराव किया ओर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भीम आर्मी संग़ठन के लोग सड़क पर बैठकर हल्ला बोल कर रहे थे, जिस कारण कुछ समय के लिए आवागमन भी बाधित हुआ। लगभग 1 घंटे तक विरोध प्रदर्शन चला इसके बाद एसडीएम राकेश चौरसिया व एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी मौक़े पर पहुंची।

एसडीओपी ने कहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसपी के निर्देशन पर चार विशेष पुलिस टीमें गठित की गईं जो लगातार आरोपियों को पकड़ने दबिश दे रही है साथ ही पीड़ित युवक को सुरक्षा व्यवस्था भी मुहैया करा दी गईं है। भीम आर्मी ने एसडीएम ओर एसडीओपी को संयुक्त रुप से ज्ञापन सौंप मटवारा कांड के आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर एनएसए की कार्यवाही किये जाने एवं पीड़ति की माँ की लज्जा भंग करने वालों पर महिला अपराध तत्काल दर्ज किये जाने की मांग। साथ ही अल्टीमेटम भी दिया गया कि यदि तीन दिवस में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो फिर जेल भरो आंदोलन किया जायेगा।

#### घटना को लेकर भारी आक्रोश

सौपे गये ज्ञापन के माध्यम से मांग की गईं कि मटवारा मे दलित युवक राजकुमार चौधरी के साथ हुए घटना क्रम से पूरे देश के दलितों मे भारी आक्रोश है। घटना को अंजाम देने वाले आरोपीयों को पुलिस अभी तक गिरफ्तार नहीं कर सकी है। जिससे भीम आर्मी सहित कई सामाजिक संगठनों मे भारी आक्रोश व्याप्त है। पीड़ित युवक राजकुमार के साथ किये गए घिनोने कृत्य के दौरान उसके साथ उसकी माँ भी मौजूद थी उसकी माँ को भी आरोपियों ने बाल पकड़कर घसीटा एवं मारपीट की लेकिन पुलिस अभी तक पीड़ित के बयान के आधार पर महिला की लज्जा भंग किये जाने महिला अपराध दर्ज नहीं की है। जिससे यह स्पष्ट हो रहा है कि पुलिस पीड़ित के बयान के आधार से कार्यवाही नहीं कर रही है।पीड़ति राजकुमार बार- बार अपने बयानों मे शोसल मीडिया से लेकर पुलिस के सामने भी बयान दे चुका है कि मेरे साथ मेरी माँ पर भी बुरा बर्ताव करते हुए मारपीट की गई है। किन्तु पुलिस अभी तक पीड़ति युवक की माँ के बयान दर्ज नहीं की है न ही महिला अपराध दर्ज किया है।यह कि स्लीमनाबाद पुलिस थाना मे पदस्थ उपनिरीक्षक बिजेंद्र उरमलिया लगातार मटवारा काण्ड के आरोपियों कि मदद करता रहा है। बिजेंद्र उरमलिया की कॉल डिटेल्स निकालने से बड़े खुलासे एवं आरोपियों के साथ संलिप्तता पाई जा सकती है।

इस दौरान भीम आर्मी जिलाध्यक्ष चंद्रभान बौद्ध, एससी महासभा जिलाध्यक्ष सरमन चौधरी, युवजन सभा प्रदेशाध्यक्ष यजुवेन्द्र यादव, राधे यादव सहित भीम आर्मी, एसटी /एससी व ओबीसी महासभा के लोगों की उपस्थिति रही।

## 100 वर्षों बाद महालक्ष्मी राजयोग में आज मनाई जाएगी दीपावली

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



रोशनी का महापर्व दीवाली सोमवार को समूचे बहोरीबंद विकासखंड मे धूमधाम से मनाया जायेगा। दीपावली पर दीपो की रोशनी से घर -आँगन जगमगाएंगे, अंबर मैं सतरंगी छठा बिखरेगी। दीपोत्सव पर्व को लेकर रविवार को बाजार मैं पूजन सामग्री, घरों की सजावट सामग्री, रंगोली, मिठाई गिफ्ट आदि खरीदने सुबह से देर रात तक बाजार गुलजार रहा। लोगों ने कपड़ो ओर अन्य सामग्री की भी खरीददारी की।

स्लीमनाबाद तहसील मुख्यालय में मुख्य बाजार, बहोरीबंद चौराहा व मुख्य तिराहा मैं सुबह से लेकर देर रात तक बाजार गुलजार रहा। दीपावली खरीददारी के साथ सराफा, इलेक्ट्रीनिक,कपड़े व वाहनों की भी खरीददारी की गईं। भीड़ के चलते आवागमन बाधित न हो इसके लिए स्लीमनाबाद पुलिस तैनात रही।परीवा पर होगी विशेष पूजा व दीवाली नृत्य -दीपोत्सव पर्व के अगलें दिन परीवा तिथि पर गोवर्धन पूजा होगी।इसके अलावा दीवाली की रात ग्वाल टोलियो के द्वारा लोगों की सुरक्षा व गौवंश की रक्षा के लिए गौरईया बाबा का पूजन कर घर -घर जाकर लोगों को जगाने का काम किया जायेगा।साथ ही ग्वाल टोलियां पारम्परिक आकर्षक वेशभूषा में दीवारी नृत्य करेंगे।

पंडित रमाकांत पौराणिक ने बताया कि दीपावली पर माता लक्ष्मी ओर भगवान गणेश की विधिवत पूजा अर्चना की जाती है। साथ ही भगवान राम के आने की ख़ुशी मे दीप जलाये जाते है। कार्तिक अमावस्या की अंधेरी रात मे महा लक्ष्मी स्वयं भूलोक पर आती है ओर विचरण करती है और अपने भक्तों को धनधान्य, सुख-सम्पत्ति का वरदान देती हैं!इसलिए दिवाली की रात लोग मां लक्ष्मी की विधिवत पूजा-अर्चना करते हैं

इस बार दिवाली पर पूजन के लिए पहला शुभ मुहूर्त (प्रदोष काल)- शाम 5 बजकर 46 मिनट से रात 8 बजकर 18 मिनट तक,दूसरा शुभ मुहूर्त (वृषभ काल)- शाम 7 बजकर 8 मिनट से लेकर रात 9 बजकर 3 मिनट तक ओरतीसरा शुभ सर्वोच्च मुहूर्त शाम 7 बजकर 8 मिनट से लेकर रात 8 बजकर 18 मिनट तक! इस दौरान लक्ष्मी-गणेश की पूजा के लिए करीब 1 घंटा 11 मिनट का समय मिलेगा।

## पत्नी ही निकली कातिल, गमछे से पति का घोंटा था गला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बहोरीबंद थाना क्षेत्र के सिमरापटी गांव में 1 अक्टूबर को हुई एक युवक की मौत का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। युवक ने आत्महत्या नहीं की थी, बल्कि पत्नी ने ही गमछे से गला घोंटकर उसकी हत्या की थी। पुलिस ने आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर रविवार को कोर्ट में पेश किया। आरोपी महिला ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि पति उसे गैर मर्दों से संबंध बनाने के लिए कहता था।

पुलिस के अनुसार सिमरापटी निवासी अनोज उर्फ अनुज चौधरी 32 की घर में संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। शुरुआती रिपोर्ट के आधार पर बीएनएस की धारा 194 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में पता चला कि अनोज की मौत 'लिंगेचर मटेरियल' (किसी चीज से कसकर बांधने या गला घोंटने) से दम घुटने से हुई थी। इस रिपोर्ट के बाद पुलिस ने गहनता से पड़ताल शुरू की। पुलिस ने मृतक के परिजन से पूछताछ की। उन्होंने बताया कि अनोज और उसकी पत्नी किरण चौधरी के बीच संबंध अच्छे नहीं थे। उनके बीच आए दिन लड़ाई-झगड़ा और मारपीट होती रहती थी। परिजन ने आशंका जताई थी कि 1 अक्टूबर की रात सोते समय पत्नी किरण चौधरी ने ही किसी कपड़े से अनोज का गला घोंटकर हत्या कर दी। शुरुआत में किरण ने तथ्यों को छुपाते हुए अनोज की मौत बीमारी से होना बताया था। परिजन के बयानों के आधार पर पुलिस ने हत्या की धारा 103 (1) और 238 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू की। टीम ने संदेही मृतक की पत्नी किरण चौधरी से कड़ी पूछताछ की। पूछताछ में किरण ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उसका पति अनोज चौधरी उससे आए दिन लड़ाई-झगड़ा करता था और मारपीट करता था। उसने आरोप लगाया कि उसका पति उसे दूसरे लोगों के साथ शारीरिक संबंध बनाने के लिए भी बोलता था, जिसका वह विरोध करती थी। किरण ने बताया कि 1 अक्टूबर की रात में भी पति उससे इसी प्रकार की बातचीत कर रहा था, जिससे उसने साफ इनकार कर दिया और इसी बात पर दोनों के बीच विवाद हो गया। आरोपी किरण चौधरी ने उसी रात एक गमछे से अपने पति अनोज चौधरी का गला घोंटकर हत्या कर दी और बाद में सभी को यह झूठ बोला कि पति कुछ दिनों से बीमार था, जिससे उसकी मौत हो गई।

## ई रिक्शा से बेचने के लिए ले जा रहा था 390 पाव अवैध शराब, पुलिस ने पकड़ा






**कटनी।** कोतवाली पुलिस ने बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है। अवैध शराब ई रिक्शा से विक्रय हेतु जा रहा था। पुलिस के मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर यह कार्यवाही की। पुलिस टीम द्वारा पौंसरा बायपास के पास एक संदिग्ध ई-रिक्शा देखा गया, जो पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस द्वारा घेराबंदी कर चालक को पकड़ा गया, जिसने पूछताछ में अपना नाम पवन ढ़ीमर उर्फ मोनू पिता राजकुमार ढ़ीम, 20 वर्ष, निवासी ग्राम बड़खेरा बिलहरी थाना कुठला, हाल पता पीडब्ल्यूडी कॉलोनी माधवनगर बताया। ई-रिक्शा क्र. एम.पी. 21 जेडई 1564 की तलाशी लेने पर उसमें 340 पाव देशी मदिरा मसाला एवं 50 पाव देशी मदिरा प्लेन, कुल 390 पाव देशी शराब कीमती करीब 39 हजार रूपए बरामद हुई। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह उक्त शराब को रीठी से लाकर खिरहनी फाटक के पास बेचने जा रहा था। आरोपी का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत दंडनीय पाए जाने पर उसे मौके पर गिरफ्तार करते हुए शराब एवं ई-रिक्शा को जब्त कर थाना लाया गया। आरोपी के विरुद्ध *अपराध क्रमांक 890/2025, धारा 34(2) आबकारी एक्ट* का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी आपराधिक प्रकरण दर्ज होना पाया गया है। मामले में शामिल अन्य व्यक्तियों की तलाश एवं पूछताछ जारी है। कार्यवाही में चौकी प्रभारी उनि. सिद्धार्थ राय, प्रधान आरक्षक सुशील पाण्डेय, मनोज पटेल, आरक्षक सत्येन्द्र पटेल की सराहनीय भूमिका रही।




































































**खबर संक्षेप**

## क्षेत्रीय विधायक ने आसी नायक को दी बधाई, मिस इंडिया जूनियर ग्रांड फिनाले के लिए हुआ चयन

**अमानगंज**। क्षेत्र की होनहार छात्रा आसी नायक पिता रमाकांत नायक का चयन मिस इंडिया जूनियर ग्रांड फिनाले के लिए होने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक डॉ. राजेश वर्मा स्वयं छात्रा के निवास पर पहुंचे और उन्हें उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए हार्दिक बधाई दी।विधायक डॉ. वर्मा ने कहा कि आसी नायक ने अपने परिश्रम और प्रतिभा से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने छात्रा के आत्मविश्वास और लगन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतिभाएं आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं।परिवारजनों एवं स्थानीय नागरिकों ने भी आसी की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. प्रशांत चतुर्वेदी ने आदिवासी बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन

**अमानगंज**। भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. प्रशांत चतुर्वेदी ने अपना जन्म दिवस आदिवासी बच्चों के साथ मनाया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को मिठाइयाँ बांटी और उनके साथ समय बिताया।

### निगरानी रखने के लिये जिला स्तर पर समिति गठित, एसडीएम को सौंपी जिम्मेदारी

# सोशल मीडिया के कंटेंट पर प्रशासन रखेगा कड़ी नजर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

विभिन्न स्त्रोतों से समय-समय पर प्राप्त जानकारी के आधार पर जान-माल की सुरक्षा एवं लोक परिशांति तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने, सार्वजनिक एवं निजी लोक संपत्ति के सुरक्षार्थ, समाज में शांति और सद्भाव बनाये रखने, धर्म/ जाति/ वर्ग/ लिंग/ भाषा/ संप्रदाय /क्षेत्र आदि के आधार पर होने वाले सामाजिक विद्वेष को रोकने और इसे भड़काने वाली प्रवृत्तियों को कड़ाई से नियंत्रित करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023की धारा 163 में तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये संपूर्ण दमोह जिले की भौगोलिक सीमाओं में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है दमोह जिला अंतर्गत कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था आदि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म जैसे - फेसबुक, व्हाट्सएप, एक्स, इंस्टाग्राम, हाईक, यू-ट्यूब, थ्रेड्स, शार्ट्स, स्नेप-चैट, एस.एम.एस. टेलीग्राम एवं अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म आदि का दुरुपयोग कर अथवा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (**Artificial intelligence -AI**) के माध्यम से तैयार किये गये आपत्तिजनक पोस्ट जैसे फोटो, वीडियो, ऑडियो, मैसेज धार्मिक, सामाजिक, जातिगत, क्षेत्रीय, भाषागत, भावनाओं एवं विद्वेष को भड़काने के लिये किसी भी प्रकार के संदेशों पर कमेंट, लाइक, शेयर या फॉरवर्ड करेगा। व्हाटसएप, टेलीग्राम अथवा अन्य ऐसा कोई सोशल मीडिया प्लेटफार्म जिसमें ग्रुप एडमिन बनाये जाने का प्रावधान हो ग्रुप एडमिन की यह व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी कि वह ग्रुप में इस प्रकार के संदेशों के प्रसारण को रोके। यदि ग्रुप में ऐसे संदेश प्रसारित होते हैं तो संबंधित व्यक्ति के अलावा ग्रुप एडमिन को भी उत्तरदायी ठहराया जायेगा।

आदेश की उक्त कंडिकाओं का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध सूचना प्रोद्योगिकी अधिनियम 2000 (संशोधन 2008) एवं भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 299, 302 एवं 352 के अंतर्गत दण्डात्मक वैधानिक कार्यवाही की जायेगी जिसमें जुर्माना एवं कारावास शामिल है।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री कोचर ने सोशल मीडिया पर आने वाले कंटेंट की निगरानी रखने के लिये जिला स्तर पर समिति गठित की है । समिति में जिला जनसंपर्क अधिकारी दमोह अध्यक्ष होंगे, प्रभारी साईबर सेल, जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय दमोह , जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी दमोह, जिला लोक सेवा प्रबंधक सदस्य होंगे तथा जिला ई-गर्वनेन्स अधिकारी दमोह सदस्य/सचिव होंगे।

जारी आदेशानुसार यह समिति प्रतिमाह कम से कम दो बार बैठक करेगी और इस बैठक में विभिन्न माध्यमों से प्रचारित सोशल मीडिया कंटेन्ट का विश्लेषण किया जायेगा और इसकी एक रिपोर्ट जिला दण्डाधिकारी तथा जिला पुलिस अधीक्षक दमोह को सौंपी जायेगी। जिला दण्डाधिकारी कार्यालय में अपर जिला दण्डाधिकारी द्वारा उक्त रिपोर्ट का संधारण किया जायेगा तथा उसे जिला दण्डाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा। रिपोर्ट में सोशल मीडिया पर इस आदेश के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने की स्थिति में अपर जिला दण्डाधिकारी दमोह द्वारा संबंधितों के विरूद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही किये जाने संबंधी प्रस्ताव तत्काल जिला पुलिस अधीक्षक की ओर प्रेषित किया जायेगा। पुलिस अधीक्षक दमोह द्वारा साईबर सेल अथवा अन्य समुचित माध्यम से ऐसे प्रकरणों में सुसंगत प्रावधानों के अंतर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। समिति के माध्यम से की जाने वाली यह कार्यवाही साईबर सेल द्वारा ऐसे प्रकरणों में नियमित रूप से की जाने वाली कार्यवाहियों के अतिरिक्त होगी।

दमोह जिले के समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारियों का यह दायित्व होगा की वह अपने अपने क्षेत्राधिकार में सोशल मीडिया प्लेटफार्म की कड़ी निगरानी करें और इस आदेश में वर्णित प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर तत्काल अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस)/नगर पुलिस अधीक्षक को विधि अनुरूप आगामी कार्यवाही के लिये प्रस्ताव भेजेंगे ।

जिला जनसंपर्क अधिकारी दमोह द्वारा सोशल मीडिया का अध्ययन कर विद्वेष को भड़काने वाली पोस्टों को चिन्हित कर उनकी जानकारी प्रतिदिन जिला दण्डाधिकारी कार्यालय की समन्वय शाखा कोअनिवार्य रूप से प्रेषित की जायेगी।

ज्ञातव्य है कि कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट के संज्ञान में विभिन्न स्त्रोतों से यह तथ्य ध्यान में लाया गया है कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, व्हाट्सएप, एक्स, इंस्टाग्राम, हाईक, यू-टयूब, थ्रेडस, एस.एम.एस., टेलीग्राम एवं अन्य अनेक सोशल मीडिया साइटस / चैनल्स एवं प्लेटफार्मस के माध्यम से नागरिको द्वारा विभिन्न अवसरो पर अथवा किसी घटना विशेष के होने पर अथवा सोशल मीडिया पर पोस्ट के माध्यम से वार्तालाप में शामिल होकर अथवा स्वप्रेरणा से अथवा किसी कारण से उत्तेजित होकर -इस प्रकार अनेक परिस्थितियों में ऐसे कमेन्टस कर दिये जाते है अथवा ऐसे आडियों/ विडियों/ मींम्स/ फोटो/ पोस्ट/ इमोजी आदि भेजे अथवा फारवर्ड किये जाते है, जिसे देखकर अथवा पढ़कर उस सोशल मीडिया प्लेटफार्म को सबस्क्राईब/फॉलो करने वाले अथवा उसके पंजीकृत सदस्य ऐसे मैसेज को न केवल और अधिक वायरल करके बडे समूहों तक पहुचाने का काम करते हैं बल्कि अनेक भडकाऊ संदेशों की बाढ़ आने लगती है। इस प्रकार अनेक अवसरों पर ऐसा होता है कि दो व्यक्तियों के बीच की निजी च र्चा / ब ह स / ल डा ई सामजिक/सामप्रदायिक मुद्दा बन जाती है और इससे फायदा उठाकर असामाजिक तत्व सोशल मीडिया वार में प्रवेश कर जाते है और इस बात का पूरा प्रयास करते है कि सामाजिक सद्भाव बिगड जाये और संप्रदायों/ समूहों/ वर्गो के बीच भी तनाव की स्थिति निर्मित हो जाये। इसके अतिरिक्त कृत्रिम बुद्धिमत्ता अधोहस्ताक्षरकर्ता के संज्ञान में विभिन्न स्त्रोतों से यह तथ्य ध्यान में लाया गया है कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, व्हाट्सएप, एक्स, इंस्टाग्राम, हाईक, यू-टयूब, थ्रेडस, स्नेप-चैट, एस.एम.एस., टेलीग्राम एवं अन्य अनेक सोशल मीडिया साइटस/चैनल्स एवं प्लेटफार्मस के माध्यम से नागरिको द्वारा विभिन्न अवसरो पर अथवा किसी घटना विशेष के होने पर अथवा सोशल मीडिया पर पोस्ट के माध्यम से वार्तालाप में शामिल होकर अथवा स्वप्रेरणा से अथवा किसी कारण से उत्तेजित होकर -इस प्रकार अनेक परिस्थितियों में ऐसे कमेन्टस कर दिये जाते है अथवा ऐसे आडियों/ विडियों/ मींम्स/ फोटो/ पोस्ट/ इमोजी आदि भेजे अथवा फारवर्ड किये जाते है, जिसे देखकर अथवा पढ़कर उस सोशल मीडिया प्लेटफार्म को सबस्क्राईब/फॉलो करने वाले अथवा उसके पंजीकृत सदस्य ऐसे मैसेज को न केवल और अधिक वायरल करके बडे समूहों तक पहुचाने का काम करते हैं बल्कि अनेक भडकाऊ संदेशों की बाढ़ आने लगती है। इस प्रकार अनेक अवसरों पर ऐसा होता है कि दो व्यक्तियों के बीच की निजी चर्चा/बहस/लडाई सामजिक/सामप्रदायिक मुद्दा बन जाती है और इससे फायदा उठाकर असामाजिक तत्व सोशल मीडिया वार में प्रवेश कर जाते है और इस बात का पूरा प्रयास करते है कि सामाजिक सद्भाव बिगड जाये और संप्रदायों/ समूहों/ वर्गो के बीच भी तनाव की स्थिति निर्मित हो जाये। इसके अतिरिक्त कृत्रिम बुद्धिमत्ता (**Artificial intelligence -AI**) का उपयोग कर अनेक प्रकार से आपत्तिजनक और भड़काऊ संदेश प्रसारित किये जाते हैं जिसका परिणाम व्यक्तियों/ समाजों/ समूहों/ वर्गों/जातियों/ संप्रदायों आदि के मध्य व्यमनस्यता/अशांति के रूप में सामने आता है। इस प्रकार सोशल मीडिया की ताकत का दुरूपयोग विभिन्न समुदायों के मध्य संघर्ष/वैमनस्यता की स्थिति निर्मित करने में किया जाता है, जिससे कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित होती है और शांति एवं सदभाव को ठेस पहुंचती है। उक्त आदेश जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी किया गया।

## राज्यमंत्री ने स्थानीय बाजार से की दिवाली की खरीदारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने इस दीपावली के अवसर पर एक मिसाल पेश की हैं। वीआईपी ट्रेंड से हटकर उन्होंने अपने पथरिया विधानसभा क्षेत्र के बटियागढ़ के लोकल बाजार से दीपावली की खरीदी कर लोकल फॉर वोकल अभियान को नई ऊर्जा दी। उन्होंने बाजार में पहुंचकर मिट्टी के दीपक, श्री गणेश और माता लक्ष्मी की प्रतिमा, साज-सज्जा का सामान, मिठाइयां और अन्य जरूरी सामग्री खरीदी। राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के निर्देश और सपना हैं कि आत्मनिर्भर भारत बने, स्वदेशी हम अपनायें, स्वदेशी को खरीदे, स्वदेशी का उपयोग करें। बटियागढ़ के संपूर्ण बाजार में आना जाना हुआ। लोगों और दुकानदारों से स्वदेशी चीजों के बारे में चर्चा भी हुई। उन्होंने कहा देश का पैसा देश में रहें और विकास कार्यों में उपयोग हो। स्वदेशी उद्योग को बढ़ावा मिलेगा, सभी को इसमें सहयोग करना होगा, आत्मनिर्भर भारत जो हम बनाना चाहते हैं 2047 तक जो हमारी परिकल्पना हैं उसको पूरा करने का प्रयास करें। इससे स्थानीय व्यापारियों को प्रोत्साहन मिलता है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकल फॉर वोकल अभियान को बल मिलता है। उन्होंने कहा कि जब हम अपने ही शहर या गांव के बाजार से सामान खरीदते हैं, तो न केवल छोटे दुकानदारों का मनोबल बढ़ता है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को भी मजबूती मिलती है। उन्होंने लोगों से भी अपील की कि वे दीपावली की खुशियों में "मेड इन इंडिया" और "लोकल" उत्पादों को प्राथमिकता दें, ताकि गांव और कस्बों के कारीगरों, मिट्टी के बर्तन बनाने वालों और छोटे व्यापारियों को आर्थिक संबल मिल सके। इस दौरान नरेंद्र व्यास, कपिल शुक्ला, अरविंद पटेल, श्रीकांत पटेल, अंकित राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, आमजन मौजूद रहे।

## एकलव्य वनवासी आश्रम में युवा नेताओं ने बच्चो को सामग्री वितरित कर मनाई दिवाली



**हटा**। सेवा ही संकल्प के ध्येय को लेकर नगर व क्षेत्र के भाजपा युवा नेताओं ने हटा नगर रामगोपाल जी मंदिर में संचालित एकलव्य वनवासी आश्रम पहुंचकर दिवाली पर्व की खुशियों को साझा कर बच्चों को मिठाइयां खिलाकर, पटाके फुलझड़ी एवं खाद्य सामग्री भेंट कर बच्चो के संग दीपावली पर्व मनाया जिससे बच्चों के चेहरे खिल उठे। शैलेष पटेल ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों के जीवन में खुशियां और रोशनी फैलाना था। इस अवसर पर बच्चों को उपहार स्वरूप खुशियों की पोटली वितरित की गई, जिसमें मिठाइयां, दीपक, बाती तेल, पटाखे, एवं अन्य उपयोगी सामग्री वितरित कर बच्चों संग समय बिताया और उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेरी। शैलेष ने बताया कि हम और हमारी टीम द्वारा पुनः असहाय बच्चों के लिए समय समय पर जरूरत मंद सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर शैलेष पटेल जनपद सदस्य, पुष्पेन्द्र भटेले, प्रिंसदीप खटीक, रामू तिवारी , शक्ति चौबे, लव तिवारी, प्रमोद पुजारी एवं कुश तिवारी की उपस्थिति रही।

## जनगणना 2027: अधिकारियों को सौंपा गया दायित्व, जिला स्तर पर होगा प्रशिक्षण

**पन्ना**। निदेशक जनगणना कार्य निदेशालय भोपाल के निर्देशानुसार जनगणना 2027 के संबंध में विभिन्न कार्यवाहियां संपादित कराने के उद्देश्य से सभी संबंधित कार्यालय प्रमुखों को आवश्यक दायित्व सौंपा गया है। देश में जनगणना संपन्न कराने के लिए भारत के महारजिस्ट्रार द्वारा जारी अधिसूचना का प्रकाशन भारत के राजपत्र क्रमांक 2016, 16 जून 2025 तथा मध्यप्रदेश के राजपत्र क्रमांक 174, 16 जून 2025 को किया गया, जिसके तहत अपेक्षित कार्यवाहियां संपादित की जाना है। इस संबंध में अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी मधुवंतराव धुर्वे द्वारा विभिन्न विभागों के अधिकारियों को नामित किया गया है। साथ ही समय सीमा में वांछित जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## जयपुर लोकरंग में पथरिया के ग्राम बासाकलां की टीम सम्मानित

### कलाकारों ने बुंदेली कांगड़ा नृत्य गायन से प्रस्तुत की पारंपरिक संस्कृति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

राष्ट्रीय लोकनृत्य समारोह 7 से 17 अक्टूबर तक आयोजित किया गया, जिसमें देश के आठ राज्यों की लोक संस्कृतियों का प्रदर्शन किया गया जिसमें दमोह जिले के पथरिया विकासखंड ग्राम बासाकलां से पहुंची टीम ने किया मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व दमोह बुंदेलखंड की ओर से कांगड़ा नृत्य गायन की प्रस्तुति। दल प्रमुख घनश्याम पटेल अध्यक्ष नेहरू युवा नव जागृति नव युवक मंडल समिति बासाकलां के नेतृत्व में हुई। टीम का निर्देशन प्रसिद्ध गायक घूमन प्रसाद कुशवाहा ने किया। महोत्सव के नौवें और दसवें दिन मंच पर पुरुषों ने सारंगी, और खंजरी के साथ नृत्य प्रस्तुत किया। हारमोनियम ढोलक, नगड़िया, झीका, तार के साथ कांगड़ा गायन और दीवारी लय पर जब कलाकार थिरके तो पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। कार्यक्रम में कला, साहित्य, संस्कृति, पर्यटन एवं पुरातत्व विभाग के प्रमुख सचिव राजेश यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ अतिरिक्त महानिदेशक प्रियंका राठौड़, चेयरमैन रूडा हेमंत कुमार गेरा सहित कई अधिकारी और कला प्रेमी मौजूद रहे।

समापन अवसर पर जवाहर कला केंद्र की ओर से सभी कलाकारों को राष्ट्रीय प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान टीम से घूमन प्रसाद कुशवाहा, घनश्याम पटेल, मीना ठाकुर, भरत लाल लिटोरिया, रितेश लिटोरिया, जीवन रैकवार, गोविंद रैकवार, भीकम रैकवार, बसंत पटेल सहित अन्य साथी लोकरंग महोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए।

## ग्रीन पटाखों के उपयोग संबंधी दिशा निर्देश जारी, अपर जिला मजिस्ट्रेट ने पालन सुनिश्चित करने की अपील

**पन्ना**। अपर जिला मजिस्ट्रेट मधुवंतराव धुर्वे ने जानकारी देकर बताया कि दीपावली पर्व के दौरान पटाखों के निर्माण, उपयोग, विक्रय, वितरण एवं विस्फोटन के संबंध में शासन द्वारा मानक संचालन प्रक्रिया निर्धारित की गई है, जिसका पालन सभी के लिए अनिवार्य होगा। इस संबंध में समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, तहसीलदार एवं नगरीय निकायों के सीएमओ को भी आवश्यक कार्यवाही के संबंध में निर्देशित किया गया है। दीपावली पर्व के समय रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक ग्रीन पटाखों का उपयोग केवल उन शहरों में किया जा सकेगा, जहां नवम्बर 2021 की स्थिति में वायु गुणवत्ता सूचकांक मध्यम अथवा उससे कम श्रेणी का था। जिन शहरों में नवम्बर 2021 के दौरान वायु गुणवत्ता सूचकांक खराब अथवा अत्यंत खराब श्रेणी का था, वहां पटाखों पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। पटाखों का विस्फोटन संवेदनशील क्षेत्रों जैसे अस्पताल, नर्सिंग होम, स्वास्थ्य केंद्र, शैक्षणिक संस्थान, धार्मिक स्थल आदि से 100 मीटर की दूरी तक प्रतिबंधित रहेगा। ग्रीन पटाखों के लिए पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन तथा राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान द्वारा स्वीकृत वर्गीकरण किया जाता है। ऐसे पटाखों की पैकिंग पर विशेष लोगो अंकित रहता है, जिसे स्कैन करने पर पंजीकृत निर्माता का विवरण प्राप्त किया जा सकता है। पंजीकृत निर्माताओं की सूची एनईईआरआई की वेबसाइट पर उपलब्ध है। बताया गया है कि ग्रीन पटाखों की श्रेणी में फुलझड़ी, अनार और मून (मेरून) जैसे पटाखे सम्मिलित हैं। पटाखों में बेरियम सॉल्ट एवं अन्य विषैले रसायनों का उपयोग प्रतिबंधित है। इसके साथ ही जुड़ी हुई पटाखों की लड़ियों का निर्माण, उपयोग, विक्रय, वितरण एवं विस्फोटन भी पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। पटाखों की तीव्रता विस्फोटन स्थल से 4 मीटर की दूरी पर 125 डेसीबल से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त पटाखों की ऑनलाइन बिक्री जैसे अमेजॉन, फ्लिपकार्ट आदि के माध्यम से भी प्रतिबंधित है। निर्धारित मानकों के अनुरूप ध्वनि स्तर वाले पटाखों के निर्माण एवं विक्रय की जांच हेतु नमूने एकत्र कर उनका विश्लेषण पीईएसओ अथवा मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की प्रयोगशालाओं में कराया जा सकता है। सर्वोच्च न्यायालय एवं राष्ट्रीय हरित अधिकरण (सेंट्रल जोन, भोपाल) के आदेशानुसार केन्द्रीय एवं राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा दीपावली से 7 दिन पूर्व और दीपावली के 7 दिन पश्चात कुल 14 दिनों तक परिवेशीय वायु गुणवत्ता की निगरानी की जाएगी।

## तेज रफ्तार बाइक चालक अनियंत्रित होकर गिरा

**अमानगंज**। पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम खमरी निवासी देवेंद्र आदीवासी पिता रमेश आदिवासी उम्र 30 वर्ष अमानगंज से बाजार करके अपने घर गांव की ओर तेज रफ्तार से मोटर बाइक पर जा रहा था और अचानक अनियंत्रित होकर गांव के पास ही गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज प्राथमिक उपचार के लिए दाखिल कराया गया और प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया घटना के विषय में ज्ञात हुआ है कि बाइक चालक दीपावली त्यौहार के विशेष मौके पर घर परिवार की खरीदारी करने अमानगंज आया हुआ था और खरीदारी करके वापस जा रहा था रास्ते में अचानक अनियंत्रित होकर गिरा और घायल हुआ है उसके सर चेहरे पर हाथ पैरों में गंभीर चोटे बताई गई है। चिकित्सक का कहना है कि बाइक चालक हल्का नशा किये था घटना नशे की वजह से हुई है।

## तेजगढ़ में राजा तेजसिंह जी की मूर्ति स्थापना को लेकर बैठक सम्पन्न



**तेंदूखेड़ा** । महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं वीर शिरोमणि राजा तेजसिंह जी की मूर्ति स्थापना को लेकर सोमवार को तेंदूखेड़ा ब्लॉक के तेजगढ़ ग्राम में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मूर्ति स्थापना के स्थल चयन एवं भविष्य की रणनीति पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य राजा तेजसिंह जी के बलिदान, शौर्य और जनसेवा के कार्यों को स्मरणीय बनाना तथा युवाओं में वीरता की भावना का संचार करना है। बैठक में सभी सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि राजा तेजसिंह जी की मूर्ति स्थापना न केवल क्षेत्र के गौरव का प्रतीक होगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का केंद्र भी बनेगी। जल्द ही मूर्ति स्थापना के स्थान को अंतिम रूप देकर कार्य प्रारंभ किया जाएगा। बैठक में तेजगढ़ से डॉ. अनूप सिंह, तेजगढ़ सरपंच बिनजय जैन, पतलोनी सरपंच प्रतिनिधि बेड़ी सिंह, कवि चन्द्रभान सिंह लोधी, माड़नखेड़ा से अखिलेश सिंह, पुष्पेंद्र सिंह व अरविंद सिंह, तथा किसानपुत्र दुर्गेश सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### लक्ष्मी पूजा का शुभ मुहूर्त शाम 7:08 से 8:18 तक- पं गोपाल शास्त्री

# आज मनाया जाएगा दीपोत्सव पर्व दीपावली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

वर्षभर प्रतीक्षित प्रकाश पर्व दीपावली आज पूरे देश में उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी। घर-आंगन, व्यापार प्रतिष्ठान और मंदिरों में दीपों की जगमगाहट से अंधकार को मिटाने का यह पर्व धन, समृद्धि और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। परंपरा के अनुसार, माता लक्ष्मी, भगवान गणेश और कुबेरदेव की पूजा इस दिन करते हुए लोग अपने जीवन में सुख, ऐश्वर्य व शांति की कामना करेंगे।



दिवाली तिथि को लेकर व्यापक भ्रम को दूर करते हुए पंडित गोपाल शास्त्री ने बताया है कि कार्तिक अमावस्या प्रदोष व्यापिनी 20 अक्टूबर को पड़ रही है। इसलिए शास्त्रों के अनुसार, दिवाली का पर्व और मां लक्ष्मी की पूजा इसी दिन करनी चाहिए। उन्होंने पूजा के लिए शुभ समय शाम 7:08 से 8:18 बजे तक बताया है, जो प्रदोषकाल के साथ मेल खाता है। दिवाली पर्व 21 अक्टूबर को मनाने वाले मतभेदों के बावजूद, पंडित गोपाल शास्त्री का स्पष्ट मत है कि 20 अक्टूबर को आधिकारिक रूप से पूजा एवं उत्सव किया जाना चाहिए उन्होंने बताया क्योंकि इसी दिन प्रदोष काल, वृषभ लग्न और महानिशीथ काल, सभी योग प्राप्त हो रहे हैं. दरअसल, इस दिन प्रदोष काल शाम 5 बजकर 46 मिनट से शुरू होकर रात 8 बजकर 18 मिनट पर रहेगा. वहीं, वृषभ लग्न शाम 7 बजकर 8 मिनट से शुरू होकर रात 9 बजकर 3 मिनट रहेगा. इसके अलावा, महानिशीथ काल का समय मध्यरात्रि 11 बजकर 36 मिनट से शुरू होकर 21 अक्टूबर की अर्धरात्रि 12 बजकर 27 मिनट तक रहेगा. 20 अक्टूबर की शाम बनने जा रहे इन्हीं संयोगों में लक्ष्मी पूजन करना उचित होता है, इसलिए इसी दिन दिवाली मनाई जाएगी

### इस विधान से करें भगवान गणपति और माता लक्ष्मी का पूजन

अस्टदल के ऊपर एक सुंदर चौकी लगाकर भगवान गणपति माता लक्ष्मी को प्रतिष्ठित करे तदुपरांत सामने पूजन सामग्री जमा ले जिसमे नारियल सुपारी हल्दी रक्षासूत्र पंचमेवा जनेऊ ऋतुफल मिष्ठान दूध दही घी शक्कर शहद इत्र गंधोदक पंचामृत रोरी चंदन धूप प्रत्यक्षदीप मिष्ठान और खुल्ले पान लवंग लालची सहित इत्र भी रखें और द्रव्य दक्षिणा रखें आँगन में मुखद्वार पर तोरण बांधें एव ध्वज पताका लगाकर घर को बढ़िया सुसज्जित करे और फिर भगवान गणपति और माता लक्ष्मी सहित अपने बही खाता का भी पूजन करे, पूजन प्रारम्भ करने के पूर्व आचमन करे पवित्री करण करके दायें हाथ की अनामिका उँगली में पेंती पहने और संकल्प लें इसके बाद आचमनी जल दूध दहीघी शक्कर शहद (पंचामृत)से भगवान को स्नान करा कर वस्त्र पहनायें गणपति को जनेऊ पहनायें फिर चंदन लगायें, रोरी लगायें चावल चढ़ायें पुष्प चढ़ायें धूप डीप दिखायें फिर भोग लगायें नारियल चढ़ायें इसके बाद ताम्बूल चढ़ायें और दक्षिणा चढ़ायें सोलह दीपक प्रज्वलित कर उनका पूजन कर गणपति अथर्वशोर्ष का पाथ करें श्रीसूक्त और लक्ष्मी सूक्त का पाठ करने के बाद द्वार गौशाला इत्यादि में दीपक रख कर भगवान से सुख समृद्धि की कामना करें बड़े बुजुर्गों के पैर छूकर प्रणाम करे आशीर्वाद लें और हर्ष उल्लास के साथ दीपावली का त्योहार मनायें।

### 20 अक्टूबर को दीपावली है! 21 को क्यों नहीं?

20 अक्टूबर को अमावस्या तिथि दोपहर 3 बजकर 44 मिनट से शुरू होगी और यह तिथि 21 अक्टूबर को शाम 5 बजकर 54 मिनट अमावस्या तिथि ही रहेगी. यानी 21 अक्टूबर को अमावस्या का समापन सूर्यास्त के साथ हो जाएगा. इसके बाद प्रतिपदा तिथि की शुरुआत हो जाएगी. इसका मतलब है कि 21 अक्टूबर को अमावस्या तिथि ना तो प्रदोष काल में रहेगी और ना रात्रि में रहेगी. इसलिए, इस दिन कोई भी त्योहार नहीं है यानी यह दिन खाली रहेगा. हालांकि, इस दिन ब्रह्म मुहूर्त में कार्तिक अमावस्या का स्नान-दान होगा, जो कि बहुत ही विशेष फलदाई माना जाता है।

हरिभूमि
जबलपुर सोमवार 20 अक्टूबर 2025
epaper: www.haribhoomi.com

# दमोह भूमि





## खबर संक्षेप

### अतिथि शिक्षकों के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम 27 अक्टूबर को

**दमोह।** शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों के उन्मुखीकरण हेतु कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा 27 अक्टूबर 2025 को दोपहर 1:30 बजे से 2:30 बजे तक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं। अतिथि शिक्षकों की परीक्षा परिणाम में सुधार को लेकर अतिथि शिक्षक फेसबुक लाइव मध्य के माध्यम से अपने प्रश्न कर सकेंगे जिनका उत्तर फेसबुक लाइव प्लेटफार्म पर कलेक्टर द्वारा दिया जाएगा। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक की विशेष उपस्थिति रहेगी। जिला शिक्षा अधिकारी एस के नेमा ने सभी प्राचार्य एवं प्रधान अध्यापकों को निर्देशित किया है कि फेसबुक लाइव कार्यक्रम में अधिक से अधिक अतिथि शिक्षकों को सम्मिलित करने हेतु सभी अतिथि शिक्षकों को सूचित किया जाये।

### खेत में सिंचाई करते समय करंट लगने से मौत

**हटा।** अनुविभाग के मडियादो थाना क्षेत्र में एक किस को खेत में विद्युत मोटर पंप से सिचाई करते समय करंट लग गया जिसे परिजनों द्वारा इलाज हेतु सिविल अस्पताल हटा लाया गया जहां डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। जानकारी के अनुसार देवरी फतेहपुर गांव में जगन्नाथ पिता इमरत पटेल अपने खेत में विद्युत मोटर पंप से सिचाई कर रहा था जहां बिजली के तार से करंट की चपेट में आ गया जिसे तुरंत ही परिजनों द्वारा सिविल अस्पताल हटा लाया गया जहां डॉक्टर द्वारा परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया जिसकी सूचना पुलिस को दी गई पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर पंचनामा कार्यवाही कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपकर घटना को जांच में लिया है।

67 हजार 850 रुपए किये जप्त, जुआरियों में मची हड़कंप, पुलिस की कार्यवाही पर उठ रहे सवाल

# पीपल के नीचे जुआ फड़ पर पुलिस ने दी दबिश, 19 जुआरियों को धर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

दीपावली के दो दिन पहले नगर में चल रहे जुआ को हटा पुलिस ने जुआरियों के मंसूबों पर पानी फेर दिया है। शनिवार की दरमियानी रात्रि नगर के संजय वार्ड बजरिया बोर्ड स्कूल के पास एक चबूतरा पर आपस में रूपयों का हार जीत का दांव लगाकर जुआं खेल रहे 19 जुआरियों को मौके पर दबिश देकर पकड़ ली में सफलता हासिल की। पुलिस की इस छापामार कार्यवाही से पूरे हटा नगर के जुआरीयों में हड़कंप मचा है। थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय ने बताया कि दमोह पुलिस अधीक्षक श्री श्रुत कीर्ति सोमवंशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया, एसडीओपी प्रशांत सिंह सुमन के निर्देशन में अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही की जा रही है इसी श्रृंखला में शनिवार की रात्रि मुखबिर से सूचना मिली कि नगर के बजरिया बोर्ड स्कूल के पास पीपल के नीचे चबूतरा पर स्टेट लाइट के उजाले में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं सूचना मिलते ही मुखबिर हल्ले और हरीशंकर पिता लीलाधर पटेल हाल निवासी आजाद वार्ड को साथ लेकर टीम गठित कर घेरा बंदी करते हुए मौके पर दबिश दी जहां जुआं खेल रहे 19 जुआरियों को रंगे हाथों पकड़कर 68 हजार 850 रुपए नगद बरामद कर सभी आरोपियों के विरुद्ध जुआं अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया गया। पकड़े गए जुआरियों में मयंक पिता राजकिशोर राय उम्र 20 वर्ष निवासी मुरलीमनोहर वार्ड, दीपक पिता राजेश लखेरा उम्र 26 वर्ष निवासी जवाहर वार्ड, नीलेश पिता लखन प्रजापति उम्र 25 वर्ष निवासी संजय वार्ड, राकेश पिता मिलन पटेल उम्र 25 वर्ष निवासी संजय वार्ड, संजय पिता शिवप्रसाद पटेल उम्र 25 वर्ष निवासी संजय वार्ड, गोलू पिता दुलीचंद प्रजापति उम्र 29 वर्ष निवासी जवाहर वार्ड, मिंटू पिता नन्नेभाई प्रजापति 27 वर्ष निवासी संजय वार्ड, हर्षित पिता कृष्णावतार परिहार 24 वर्ष निवासी चंडी जी वार्ड, अंशराज पिता बृजेश ताम्रकार उम्र 21 वर्ष निवासी संजय वार्ड, शैलेश पिता राजेश वैश्य उम्र 40 वर्ष निवासी यूनियन बैंक के सामने, पीयूश पिता बलराम राय उम्र 23 वर्ष निवासी राय चौराहा, जतिन पिता पहलवान राजपूत उम्र 18 वर्ष निवासी चंडी जी वार्ड, वेदप्रकाश पिता शंकरलाल वर्मन उम्र 22 वर्ष निवासी चंडी जी वार्ड, नीलेश पिता स्व. रामकुमार अग्रवाल उम्र 35 वर्ष निवासी रतन बजरिया, महेन्द्र पिता संतोष साहू उम्र 27 वर्ष निवासी कमला नेहरू वार्ड, सचिन पिता जनविजय पाण्डेय उम्र 25 वर्ष निवासी संजय वार्ड, अब्बू पिता परषोत्तम कोरी 30 वर्ष निवासी रामगोपाल जी वार्ड, गनेश पिता लक्खू पटेल जवाहर वार्ड एवं आशीष चौबे पिता अनिल कुमार चौबे उम्र 37 वर्ष निवासी चंडी जी वार्ड हटा जिला दमोह के होना बताया गया।

### शांति प्रिय माहौल में मनायें त्यौहार

थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय ने दीपाली पर्व को शांति प्रिय माहौल में दीपोत्सव का त्यौहार मनायें और अवैध सट्टा जूआ जैसी गतिविधियों में लिप्त न रहे यदि पकड़े गए तो खैर नहीं। इस कार्यवाही में उपनिरीक्षक नरेंद्र तिवारी, प्रधान आरक्षक कमल, आरक्षक दिनेश, आरक्षक शेख रहमान की विशेष भूमिका रही। दरअसल नगर में जगह-जगह हो रहे जुआं फड़ संचालित होने की खबर हरिभूमि में विगत शुक्रवार को प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी जिसकी बात हटा पुलिस हरकत में आई और दिवाली के पहले ही एक जुआं फड़ पर पुलिस ने दबिश देकर कार्यवाही कर वाहवाही लूटी लेकिन अभी इसे भी बड़े जुआ फड़ नगर में नेताओं के संरक्षण में संचालित हो रहे हैं अब देखना होगा कि दिवाली पर हटा पुलिस वहां तक पहुंच पाती है या फिर लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है।

वहीं इस कार्यवाही में गौर करने वाली बात है कि क्या इतना बड़ा जुआं फड़ मैदान में पीपल के नीचे संचालित हो रहा था जबकि सूत्रों के अनुसार यह जुआं किसी नामी व्यक्ति के मकान में संचालित होना बताया जा रहा है जिसकी चर्चाएं नगर में जोरों पर चल रही है। वहीं चर्चा यही भी हो रही है कि इन 19 जुआरियों के पास से ना तो पुलिस द्वारा किसी का मोबाइल जप्त किया गया और नाही किसी की बाइक मौके पर मिली यह भी पुलिस की कार्यवाही पर सवालिया निशान खड़े कर रहा है।

# युवक का शव कुएं में मिला, हत्या की आशंका



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

देहात थाना क्षेत्र में अपराधों का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है आए दिन कोई न कोई घटनाक्रम सामने आने के साथ पुलिस की कार्य प्रणाली पर भी सवालिया निशान लगाने से पीड़ति पक्ष के लोग नहीं चूक रहे है। ताजा मामला एक लापता युवक का शव संदिग्ध हालात में कुएं में मिलने का सामने आया है। इसके बाद गुस्साए लोगों के द्वारा चक्का जाम प्रदर्शन की कोशिश भी की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सागर नाका चौकी क्षेत्र निवासी रूपेश अठ्या नाम का युवक 2 दिन से घर नहीं पहुंचा था कल परिजन उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट करने के लिए सागर नाका चौकी से लेकर देहात थाने तक भटकते रहे थे तब कहीं जाकर उसके लापता होने की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। आज भी परिजन रूपेश की तलाश में आसपास के क्षेत्र में भटक रहे थे इसी दौरान मलैया मिल रेल फाटक के आगे मुश्की बाबा क्षेत्र में एक कुएं के पास उसके कपड़े नजर आने पर उसके कुएं में डूब जाने की आशंका पर पुलिस को सूचना दी गई। जिस पर सागर नाका चौकी प्रभारी रोहित द्विवेदी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। बाद में गोताखोरों की मदद से शव की तलाश कर के कुंए से निकलवाने पर वह रूपेश का शव निकला। कुएं के पास से रूपेश के कपड़े, शराब की बोतले आदि भी बरामद होने से शराब पार्टी के बाद कुएं में गिरने या फेके जाने की आशंका जताई जा रही है। साथ ही शरीर पर चोट व घाव के निशान देखने के बाद परिजनों के द्वारा हत्या की आशंका जताई है। शव मिलने के बाद आक्रोश में परिजनों के साथ मोहल्ले के लोगों ने तीन गुल्ली पर चका जाम प्रदर्शन का प्रयास भी किया। जिसे पुलिस की समझाइस और कार्यवाही के आश्वासन के बाद खत्म किया गया। फिलहाल पुलिस में पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। वही तीन युवकों से पूछताछ भी की जा रही है। चौकी प्रभारी रोहित द्विवेदी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मृत्यु के कारणों का पता लग सकेगा। फिलहाल मर्ग कायम करके जांच की जा रही है।

# सार्वजनिक कार्यक्रम के आयोजन से पूर्व लिखित अनुमति प्राप्त करना अनिवार्यः जिला मजिस्ट्रेट

**दमोह।** कलेक्टर के संज्ञान में विभिन्न स्त्रोतों से यह तथ्य ध्यान में लाया गया है कि दमोह जिले में आम नागरिकों/नागरिकों के समूहों/संगठनों अथवा संस्थाओं द्वारा विभिन्न अवसरों पर पूर्व नियोजित आधार पर एवं अन्य परिस्थितियों में आकस्मिक आधार पर समय-समय पर विभिन्न शीर्षकों के अंतर्गत कार्यक्रम (शासकीय कार्यक्रमों को छोड़कर) आयोजित किये जाते रहे हैं यथा रैली, जुलूस, धार्मिक/ सामाजिक मेले, विभिन्न महोत्सव,धरना-प्रदर्शन, आंदोलन, सभा/समारोह, चल समारोह, घेराव, पुतला दहन, नगर/बाजार बंद, वाहन रैली, ज्ञापन देना, प्रदर्शन, अनशन/ सत्याग्रह, विभिन्न सामाजिक/सांसकृतिक/ राजनैतिक/ साहित्यक तथा अन्य सभी आयोजन, जिनमें बडी संख्या में सार्वजनिक स्थानों पर नागरिकों की सहभागिता होती है। इसकी रोकथाम के लिये कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 में तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये संपूर्ण दमोह जिले की भौगोलिक सीमाओं में प्रतिबंधात्मक आदेश एवं इसके अंतर्गत आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये है। जारी प्रतिबंधात्मक आदेशानुसार उच्चतम न्यायालय भारत द्वारा पारित निर्णय के अनुपालन में चक्का जाम एक पूर्णतः प्रतिबंधित गतिविधि है। अतः इस संबंध में किसी भी प्रकार की अनुमति प्रदान करने का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है और पुलिस प्रशासन द्वारा कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। अतः ऐसी स्थिति में नागरिकों से यह अपेक्षा की जाती है कि यदि अचानक ऐसी कोई परिस्थिति निर्मित होती है तो चक्का जाम करने के बजाए डायल- 112, दमोह हेल्प लाईन पर सूचना देकर अथवा सीधे अधिकारियों से संवाद स्थापित कर समस्या का निराकरण कराया जाये। यह आदेश आज कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट के हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रांकित कर जारी किया गया है। जारी आदेशानुसार प्रत्येक नागरिक/संस्था के लिये किसी भी पूर्व निर्धारित सार्वजनिक कार्यक्रम के आयोजन से पूर्व सक्षम प्राधिकारी की लिखित अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। अनुमति प्रदान करने के लिये क्षेत्राधिकार अनुविभागीय दण्डाधिकारी सक्षम प्राधिकारी हैं। दो अथवा दो से अधिक अनुविभागों में एक साथ होने वाले आयोजनों की अनुमति प्रदान करने हेतु सक्षम प्राधिकारी अपर जिला दण्डाधिकारी दमोह रहेंगे। सक्षम प्राधिकारी से बिना लिखित अनुमति के आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत विधि विरूद्ध प्रस्तावित लोक जमाव के विरूद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के सुसंगत प्रावधानों के अंतर्गत अनुविभागीय दण्डाधिकारी/अपर जिला दण्डाधिकारी द्वारा पुलिस प्रशासन के प्रतिवेदन के आधार पर आवश्यक प्रतिबंधात्मक एवं अन्य दाण्डिक कार्यवाही नियमानुसार की जायेगी। पूर्व निर्धारित सार्वजनिक कार्यक्रम होने की स्थिति में कार्यक्रम आयोजन की तिथी से कम से कम 7 दिवस पूर्व अनुमति हेतु आवेदन सक्षम प्राधिकारी के समक्ष आयोजकगण द्वारा इस आदेश के साथ निर्धारित प्रारूप में जानकारी प्रस्तुत की जायेगी। वृहद् स्वरूप के ऐसे आयोजन जिनमें 500 अथवा उससे अधिक लोगों के आने की संभावना है, कार्यक्रम तिथि के कम से कम 15 दिवस पूर्व सक्षम प्राधिकारी के समक्ष निर्धारित प्रारूप में आयोजकों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया जायेगा। यह प्रारूप इस आदेश का अभिन्न अंग होगा।

# त्यौहार के दौरान इलाज के लिए आए किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़ेः जिला मजिस्ट्रेट

**दमोह।** दीपावली पर्व के दौरान पटाखों से जलने की घटनाओं की संभावना को ध्यान में रखते हुए जिले की सभी शासकीय अस्पतालों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं जिला अस्पताल में आपातकालीन स्वास्थ्य व्यवस्था मजबूत करने की दृष्टि से कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन, समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारी, समस्त शासकीय चिकित्सकों को निर्देश जारी किए गये हैं। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री कोचर ने कहा डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती, प्रत्येक शासकीय अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं जिला अस्पताल पर डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की समुचित ड्यूटी लगाई जाए, जो दीपावली पर्व के दौरान निर्धारित समय तक कार्यरत रहेंगे। सभी शासकीय अस्पतालों में रात्रि के समय डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ की टीम अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहे।

उन्होंने कहा सभी संबंधित डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की ड्यूटी आदेश तैयार कर इस कार्यालय को शीघ्रातिशीघ्र भेजना सुनिश्चित किया जाये। यह भी सुनिश्चित किया जाये कि तैनात स्टाफ के पास आवश्यक आपातकालीन चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो। अस्पतालों में जलने के उपचार हेतु आवश्यक औषधियों एवं चिकित्सा उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। इसके साथ ही आकस्मिक चिकित्सा सेवाओं को सुसज्जित करने हेतु विशेष निर्देश दिए जाएं ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में तत्काल उपचार उपलब्ध हो सके। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री कोचर ने निर्देशित किया यह सुनिश्चित किया जाए कि त्योहार के दौरान इलाज के लिए आए किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, त्वरित एवं समुचित चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने हेतु सभी आवश्यक प्रबंध किए जायें। उक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाये एवं सभी आवश्यक तैयारियों का निरीक्षण कर, कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दमोह को अवगत करायें।

# नोहलेश्वर मंदिर में विराजमान हैं अष्ट लक्ष्मी की प्रतिमाएं



**बनवार।** दीपावली के पावन अवसर पर जहां घर-घर में मां लक्ष्मी की पूजा और अराधना की जाएगी वहीं दमोह जिले के ग्राम नोहटा स्थित नोहलेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है यह मंदिर धार्मिक आस्था का केंद्र होने के साथ-साथ 9वीं शताब्दी की प्राचीन स्थापत्य कला का अद्भुत उदाहरण भी है। नोहलेश्वर मंदिर की विशेषता यह है कि यहां देवी लक्ष्मी के आठ स्वरूप अष्ट लक्ष्मी की प्रतिमाएं एक साथ विराजमान हैं इनमें वीर लक्ष्मी गज लक्ष्मी संतान लक्ष्मी धन्य लक्ष्मी विजय लक्ष्मी आदि लक्ष्मी ऐश्वर्य लक्ष्मी और धन लक्ष्मी शामिल हैं लोकमान्यता के अनुसार अष्ट लक्ष्मी के दर्शन करने से श्रद्धालुओं को धन विद्या वैभव शक्ति और सुख की प्राप्ति होती है। दीपावली के अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर मां लक्ष्मी के अष्ट स्वरूपों के दर्शन करेंगे कमल पुष्प अर्पित कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे स्थानीय लोगों का मानना है कि अष्ट लक्ष्मी पर पुष्प चढ़ाने से सभी मनोरथ सिद्ध होते हैं। मंदिर की दीवारों पर अंकित प्राचीन शिल्प कला देवी-देवताओं की मनोहारी आकृतियां और उत्कृष्ट नक्काशी इसकी ऐतिहासिकता को दर्शाती हैं यह मंदिर एक ऊंचे चबूतरे पर स्थित है और इसके चारों ओर बनी कलाकृतियां आस्था और कला का अद्भुत संगम प्रस्तुत करती हैं। नोहटा आने वाले श्रद्धालु बिना नोहलेश्वर शिव मंदिर के दर्शन किए वापस नहीं लौटते दीपावली के इस पावन अवसर पर पूरा मंदिर परिसर भक्ति श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत दिखाई देता है।

# मिठाईयों की गुणवत्ता की ऑन द स्पॉट जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर,दमोह सुधीर कुमार कोचर के निर्देश पर डी.ओ. खाद्य सुरक्षा प्रशासन एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने घंटाघर पर निःशुल्क खाद्य पदार्थ गुणवत्ता जांच शिविर आयोजित कर मिठाईयों में मिलावट के आसान घरेलू उपाय बताये। शिविर में उपभोक्ताओं ने बाजार से खरीदी हुई मिठाई एवं अन्य खाद्य पदार्थों की ऑन द स्पॉट गुणवत्ता जांच करवाई। मिठाईयों में स्टार्च,आरारोट, अखाद्य रंग, डालडा वनस्पति स्किम्ड मिल्क पाउडर की मिलावट की जांच की गई।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा दमोह जिले के समस्त उपभोक्ताओं से अपील की गई दीपावली के त्यौहार के अवसर पर बाजार से पैक्ड खाद्य सामग्री को खरीदते समय उसके लेबल पर बैच नंबर, पैकिंग डेट, बेस्ट बिफोर डेट, एफ.एस.एस.ए.आई. लाइसेंस नंबर, पोषक तत्वों की जानकारी, अव्ययों की जानकारी, एलर्जी एडवाइस संबंधी अंकित जानकारी जरूर देखें। मिठाई दुकानों में बिकने वाली मिठाइयों को जांच परख ही खरीदें।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग ने समस्त उपभोक्ताओं को मिठाइयों में मिलावट का पता करने के आसान घरेलू परीक्षणों की जानकारी दी, इन घरेलू रासायनिक परीक्षणों की सहायता से उपभोक्ता भी अपने घर पर ही बाजार से लाई गई मिठाइयों की शुद्धता को जांच सकते है।

## मिठाइयों में मिलावट का पता करने के आसान घरेलू परीक्षण

**स्टार्च, आरारोट,मैदा,सूजी,आलू की मिलावट** – खोवा या दूध से निर्मित मिठाई में कुछ बूंद टिंक्चर आयोडीन की डालने पर अगर खोवा या मिठाई का रंग नीला बैंगनी हो जाये तो उसमें स्टार्च की मिलावट है।
**कृत्रिम प्रतिबंधित फ़ूड कलर की मिलावट** – मिठाई की कुछ मात्रा पर तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल की डालने पर अगर मिठाई का रंग गुलाबी हो जाये तो उसमें प्रतिबंधित कलर की मिलावट है।
**डालडा या वनस्पति की मिलावट**– मिठाई पर कुछ मात्रा सांद्र हाइड्रोक्लोरिक एसिड की डाले फिर उस पर शक्कर के दाने डालने पर अगर गहरा लाल रंग आये तो उसमें डालडा की मिलावट है।
**नकली चांदी के वर्क की मिलावट** – असली चांदी के वर्क को आग पर जलाने पर वह गोलनुमा गेंद के आकार में बदल जाता है, जबकि एल्युमीनियम के वर्क कालिख में बदल जाता है।
**सैक्रीन की मिलावट**– मिठाई को खाने पर अगर मिठाई पहले मीठी लगे फिर बाद में मुँह में कड़वापन लगे तो मिठाई में शक्कर की जगह सैक्रीन की मिलावट है।

# भगवान धन्वंतरि पूजन में सम्मिलित हुए विधायक



**दमोह।** दमोह फिजियोथेरेपी क्लीनिक विवेकानंद नगर में आयोजित भगवान धन्वंतरि पूजन हुआ जिसमें पूर्व वित्तमंत्री दमोह विधायक जयंत मलैया हुए और क्लीनिक के संचालक डॉ राजेंद्र गांगरा, डॉ रजनीश गांगरा के पूजन किया और कहा कि भगवान धन्वंतरि से सभी को स्वास्थ्य प्रदान करे सभी को निरोगी बनाएं सभी के स्वास्थ्य की कामना की। डॉ राजेंद्र गांगरा ने भगवान धन्वंतरि जयंती के अवसर पर आयुर्वेद चिकित्सा से संपूर्ण चिकित्सा की जाती हैं और सबसे प्राचीन चिकित्सा पद्धति है। कार्यक्रम में डॉ अमित जैन बांदकपुर, प्रकाश चंद जैन, डॉ रंजीता गांगरा, प्रिया गांगरा, ममता बंसल ने भी पूजन किया।

### बांदकपुर में गोवर्धन पर्वत पर मनाया जाएगा जिला स्तरीय गोवर्धन पूजन

**दमोह।** जिले में जिला स्तरीय गोवर्धन पूजन कार्यक्रम जागेश्वर धाम गौशाला समिति ग्राम बांदकपुर के गोवर्धन पर्वत पर 22 अक्टूबर दिन बुधवार प्रातः 11 बजे गोवर्धन पूजन आयोजित किया जाएगा। उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग दमोह ने बताया गोवर्धन पूजन कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों द्वारा गौग्रास कार्यक्रम, गौशाला से संबंधित गौ सेवकों का सम्मान, गोमय एवं पंचगव्य के उत्पादों पर संगोष्ठी/वक्तव्य सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। उन्होंने बताया उक्त कार्यक्रम प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, प्रदेश पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल, सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी, विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया, विधायक हटा उमादेवी खटीक, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल एवं गणमान्य जनप्रतिनिधियों, नागरिकों की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न होगा।

### तेज रफ्तार आटों अनियंत्रित होकर पलटा 3घायल, 1 रेफर

**तेंदूखेड़ा।** रविवार को तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत तारादेही तेंदूखेड़ा मार्ग पर बहेरिया के पास एक तेज रफ्तार आटों अनियंत्रित होकर सड़क



किनारे पलट गया आटों में सवार तीन लोग घायल हो जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया है। जहां से एक युवक को जबलपुर रेफर किया गया है। घटना के संबंध मे स्वास्थ्य केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार खलक पिता ज्ञानी गौड़ उम्र 55 वर्ष निवासी बहेरिया सुम्मा पिता भागू उम्र 60 वर्ष निवासी बहेरिया तुलाराम पिता कालूराम गौड़ उम्र 53 वर्ष निवासी समनापुर थाना तारादेही है जिसमें खलक गौड़ उम्र 55 वर्ष को प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। अन्य दो का इलाज स्वास्थ्य केंद्र में जारी है। घटना के संबंध में राहगीरों द्वारा बताया गया है किसी जानवर को बचाने के चक्कर में यह हादसा हुआ है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# भगवान धन्वंतरि की जयंती धूमधाम से मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

मुख्य बाजार क्षेत्र में भगवान धन्वंतरि की जयंती धूमधाम से बनाई गई। कार्यक्रम में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर स्वास्थ्य, सुख समृद्धि और कल्याण की कामना की गई। उक्त अवसर पर एक कार्यक्रम किया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर गंगाराम पटेल ने कहा कि आयुर्वेद एक पारंपरिक और प्रभावी चिकित्सा पद्धति है जो शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है। आयुर्वेद भारतीय संस्कृति की आत्मा है। इसे जन-जन तक पहुंचाना हम सब का दायित्व है। उन्होंने आगे कहा कि आयुर्वेद न केवल हजारों वर्षों पुरानी भारतीय चिकित्सा पद्धति है बल्कि यह आज भी कई असाध्य माने जाने वाले रोगों का स्थाई समाधान देने में सक्षम है। आधुनिक जीवन शैली में जनित रोगों के उपचार में यह एक प्रभावशाली विकल्प बनकर उभरा है। डॉ राजेंद्र चौरसिया ने भगवान धन्वंतरि के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्हें आरोग्य का देवता कहा जाता है। उनकी आराधना से जनमानस में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद का वितरण किया गया। उक्त अवसर पर मेडिकल स्टोर संचालक महेश जैन, दीपक जैन, प्रशांत चौरसिया, बबलू अग्रवाल, एडवोकेट श्याम सुंदर नेमा, एडवोकेट नरेंद्र दाहिया, एडवोकेट राजेंद्र चौधरी, हेमंत बांदार , मनोहर साहू, अभिनाश साहू ,मणी विश्वकर्मा , मदन चौरसिया ,शिवकुमार उपाध्याय,सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

